प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

5 मार्च 2025

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने चलनिधि की स्थिति को प्रबंधित करने के उपायों की घोषणा की**

वर्तमान एवं उभरती चलनिधि की स्थितियों की समीक्षा के आधार पर, रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में चलनिधि डालने के लिए निम्नलिखित परिचालन करने का निर्णय लिया है:

क. ₹1,00,000 करोड़ की कुल राशि के लिए भारत सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद नीलामी ₹50,000 करोड़ की दो किस्तों में 12 मार्च 2025 (बुधवार) और 18 मार्च 2025 (मंगलवार) को आयोजित की जाएगी।

ख. छत्तीस महीने की अवधि के लिए 10 बिलियन अमरीकी डॉलर की यूएसडी/आईएनआर खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी 24 मार्च 2025 (सोमवार) को आयोजित की जाएगी।

2. प्रत्येक परिचालन से संबंधित विस्तृत अनुदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

3. रिज़र्व बैंक उभरती हुई चलनिधि और बाज़ार की स्थितियों पर निगरानी रखना जारी रखेगा तथा चलनिधि की व्यवस्थित स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करेगा।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2305**